प्रतिबिंब व भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां का विमोचन

जासं, दरभंगा : महाराजा लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल कालेज में शुक्रवार को कालेज की त्रैमासिक पत्रिका " प्रतिबिंब " व डा. संजय द्वारा संपादित पुस्तक " भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां " का लोकार्पण किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर झा ने " भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां " पुस्तक को एक सफल पुस्तक बताया। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अजय कुमार पंडित ने कहा कि महाराजा लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय के ग्रीन कैंपस व सुसज्जित कक्ष देकर काफी प्रसन्नता हो रही है।